Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **बाड़मेर में संदिग्ध श्री आशीष रंजन विश्वास, सहायक प्रशानिक अधिकारी, कार्यालय उप तहसील दूधवा जिला बालोतरा को संदिग्ध राशि 02,29,000 /- रूपये सहित कार्यालय से किया दस्तयाब।**

जयपुर, 12 मार्च बुधवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी बाड़मेर ईकाई द्वारा सूत्रों से प्राप्त सूचना अनुसार कि संदिग्ध अधिकारी आगे होली के अवकाश के मध्यनजर उप तहसील दूधवा क्षेत्र के स्टाम्प वैण्डर एंव डीड राईटर तथा अन्य पंजयीन दलालो से कार्यालय में गत दिनों में रजिस्टर्ड/पंजीबद्ध दस्तावेजों की कीमत के एक प्रतीशत की दर से बनने वाली कमीशन (रिश्वती) राशि संकलित कर रहा हैं। जो उक्त राशि को आज ही अपने किसी खास विश्वस्त साथी के जरिये कार्यालय से अपने गंतव्य स्थान या किसी अन्य गोपनीय स्थान के लिए भेजता हैं, स्वंय प्रतिदिन अपने निजी वाहन से जोधपुर अप-डाउन करता हैं, किन्तु अवैध वूसली/संदिग्ध राशि स्वंय परिवहन नहीं कर अपने किसी खास विश्वस्त के जरिये कार्यालय से ही बाहर भेज देता है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी बाड़मेर को जरिये सूत्र गोपनीय सूचना इस आशय की मिली कि संदिग्ध अधिकारी श्री आशीष रंजन विश्वास सहायक प्रशानिक अधिकारी उप तहसील दूधवा जिला बालोतरा कार्यालय में रजिस्ट्री पंजीयन का कार्य करता है, जो आगे होली के अवकाश को देखते हुए आज अपने कार्यालय में उप तहसील कार्यालय क्षेत्र के स्टाम्प वैण्डर एवं डीड राईटर तथा अन्य पंजीयन दलालों से कार्यालय में हाल के कुछ दिनों में रजिस्टर्ड/पंजीबद्ध दस्तावेजों की कीमत को एक प्रतिशत की दर से बनने वाली कमीशन (रिश्वत) राशि संकलित कर रहा हैं, जो स्वंय इस राशि का परिवहन नहीं कर अपने किसी खास विस्वस्त के साथ कार्यालय से पार करेगा, जिस पर उसके विरूद्ध नियमानुसार आकस्मिक चैकिंग कार्यवाही का आयोजन कर उसे अपने कार्यालय में ही संदिग्ध राशि 02,29,000/- रूपये सहित दस्तयाब कर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

जिस पर एसीबी रेंज जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर** के सुपरविजन में ए.सी.बी. चौकी बाड़मेर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नरेन्द्र कुमार द्वारा** मय टीम के साथ संदिग्ध अधिकारी के विरूद्ध आकस्मिक चैकिंग कार्यवाही का आयोजन कर रूबरू मौतबिरान कार्यालय उप तहसील दूधवा में मौजूद श्री आशीष रंजन सहायक प्रशानिक अधिकारी की आकस्किम चैकिंग करने पर संदिग्ध अधिकारी के कार्यालय कक्ष में उसके स्वंय की सीटिंग कुर्सी से सटी दाहिनी तरफ रखी दराज में 1,90,000/-रूपये स्वंय के पहनी हुई जीन्स पेन्ट के पीछे के दाहिने साईड की जेब में 10,000/- रूपये तथा कार्यालय के बाहर खड़े स्वंय के लॉक्ड वाहन महिन्द्रा 3 एक्स डी नं. आर.जे. 04 सीडी 7773 में चालक साईड के फाटक की दराज में 29,000/- रूपये सहित कुल 02,29,000/-रूपये मिले जिसके संबंध में पूछताछ पर संदिग्ध अधिकारी ने कोई संतोषप्रद प्रत्युत्तर नहीं दिया, जिस पर विधिनुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है।